# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
# सामान्य अध्ययन
## प्रारम्भिक परीक्षा-2014 (द्वितीय प्रश्न-पत्र)

**समय : 2 घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

1. सम्प्रेषण के संबंध में 'संदर्भ' किसे कहते हैं?
(a) प्रभावी बातचीत
(b) वार्तालाप के लिए भौतिक एवं मनोवैज्ञानिक वातावरण
(c) संदेश ग्रहण में बाधा
(d) संदेश के प्रति मौखिक एवं अवाचिक प्रतिक्रियायें

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
कथन (A) : अंतरवैयक्तिक व्यवहार अधिकांशत: आन्तरिक आवश्यकताओं द्वारा प्रेरित होते हैं।
कारण (R) : लोग एक-दूसरे से भी व्यवहार आगे बढ़ाते हैं।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

3. निम्नलिखित में से कौन एक अवाचिक सम्प्रेषण सहायक का उदाहरण है?
(a) चाक्षुष संपर्क (b) चिल्लाना
(c) बुदबुदाना (d) शब्दजाल

4. सम्प्रेषण की प्रक्रिया में कूट लेखन से तात्पर्य है-
(a) कुछ नया निर्माण करने की कोशिश करना।
(b) संकेतों को तंत्रिकीय आवेगों में परिवर्तित करना।
(c) सम्प्रेषण मार्ग का अवरोध करना।
(d) मनोबल निर्माण करना।

5. पेल्ज प्रभाव स्पष्ट करता है-
(a) समवर्ती प्रभाव के साथ संयुक्त वरिष्ठों की समर्थिता को।
(b) कनिष्ठों के समवर्ती प्रभाव के साथ संयुक्त समर्थिता की माँग को।
(c) न्यून उपरिगामी प्रभाव के साथ संयुक्त वरिष्ठों की समर्थिता को।
(d) उपयुक्त उपरिगामी प्रभाव के साथ संयुक्त वरिष्ठों की समर्थिता को।

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
कथन (A) : सम्प्रेषण के नियामक नियम हमें यह बताते हैं कि हमें क्या करना और क्या नहीं करना चाहिए।
कारण (R) : सम्प्रेषण में अन्त:क्रियाओं की संरचना और समन्वयन आवश्यक है।
अपना सही उत्तर निम्नलिखित कूटों में से चुनिए-
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

7. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चयन कीजिए-

| सूची-I (नकारात्मक निजी व्यवहार) | | सूची-II (कारण) |
|---|---|---|
| A. | गले से पीछे एक हाथ रखना | 1. नहीं सुन रहे हैं |
| B. | आँखें सिकोड़ना | 2. अतिशयोक्ति |
| C. | नाक सहलाना | 3. अस्वीकृति |
| D. | चश्मा उतार कर नीचे रखना | 4. असहमति |

कूट-

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
कथन : वकील लोग केवल गोरी लड़कियों से विवाह करते हैं।
कारण :
1. शोभा का विवाह किसी वकील से हुआ है।
2. शोभा का विवाह किसी वकील से नहीं हुआ है।
इन निष्कर्षों में से
(a) केलव 1 निर्गत होता है।
(b) केवल 2 निर्गत होता है।
(c) या तो 1 या 2 निर्गत होता है।
(d) न तो 1 न 2 निर्गत होता है।

9. एक संयुक्त परिवार में निम्नलिखित सदस्य है- पिता, माता, तीन विवाहित पुत्र, एक अविवाहित पुत्री। विवाहित पुत्रों में से दो को दो-दो पुत्रियाँ तथा एक को एक पुत्र है। परिवार में कितनी महिला सदस्य हैं?
(a) 2 (b) 3
(c) 6 (d) 9

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
कथन :
सभी लड़के ईमानदार है।
सुरिन्दर ईमानदार है।
निष्कर्ष :
1. सुरिन्दर एक लड़का है।
2. सभी ईमानदार लोग लड़के हैं।
इन निष्कर्षों में से-
(a) केवल 1 निर्गत होता है।
(b) केवल 2 निर्गत होता है।
(c) या तो 1 या 2 निर्गत होता है।
(d) न तो 1 न 2 निर्गत होता है।

**निर्देश ( प्र. सं. 11 व 12 ) :** निम्नलिखित को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए-
छह बच्चे A, B, C, D, E तथा F फुटबॉल खेल रहे हैं। A तथा E भाई हैं। F, E की बहिन है। C, A के चाचा का एकलौता बेटा है। B तथा D, C के पिता के भाई की बेटियाँ है।

11- C का F से क्या रिश्ता है?
(a) चचेरा भाई (b) भाई
(c) पुत्र (d) चाचा

12. उपरोक्त फुटबॉल खेलने वालों में कितने पुरूष खिलाड़ी हैं?
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

13. दूसरे लोगों से तुलना के आधार पर हमारी राय और योग्यताओं के मूल्यांकन की प्रकृति और जो हमारे समान है उनसे तुलना करने की पसंदगी जानी जाती है-
(a) सामाजिक संवर्गीकरण सिद्धान्त के रूप में
(b) सामाजिक निर्णय सिद्धांत के रूप में
(c) सामाजिक तुलना सिद्धांत के रूप में
(d) सामाजिक अस्मिता सिद्धांत के रूप में

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
**कथन :**
इस क्षेत्र की परिस्थिति अभी भी तनावपूर्ण तथा नियंत्रण से बाहर है।
व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे अपने घरों में ही रहें।
**पूर्वानुमान :**
1. कुद गंभीर घटनायें घटी है।
2. लोग दफ्तर नहीं जायेंगे।
3. जल्द ही स्थिति सामान्य हो जायेगी।
इनमें से-
(a) केवल 1 अन्तर्निहित है।
(b) केवल 1 तथा 2 अन्तर्निहित हैं।
(c) केवल 1 तथा 3 अन्तर्निहित हैं।
(d) कोई भी पुर्वानुमान अन्तर्निहित हैं।

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और निष्कर्षो में से सही उत्तर चुनिए-
**कथन :**
सभी ज्ञान अच्छा होता है।
सभी ज्ञान कठिन होता है।
**पूर्वानुमान :**
(a) सभी कठिन चीजें ज्ञान है।
(b) कुछ अच्छी चीजें कठिन होती है।
(c) सभी अच्छी चीजें कठिन होती है।
(d) सरल चीजें अच्छी नहीं होती है।

16. अच्छे श्रोता बनने के लिए जो दो कौशल संबंधित हैं वे हैं-
(a) ध्यान देना तथा प्रतिपुष्टि प्रदान करना।
(b) ध्यान देना तथा जब आवश्यक हो तब अपनी अरूचि को छिपाना।
(c) ध्यान देना तथा दिए गए संदेश के प्रति उपयुक्त सूचकों से अनुक्रिया देना।
(d) एक समय में एक साथ कई संदेश सुनना तथा सकारात्मक समालोचना प्रदान करना।

17. एक सक्रिय श्रोता द्वारा एक तकनीक जिसे प्रयोग में लाया जा सकता है वह है:
(a) परिस्थिति का वर्णन करना।
(b) चिंता व्यक्त करना।
(c) वक्ता के शब्दों को अन्य शब्दों में व्यक्त करना।
(d) प्राय: वार्तालाप के दौरान अपना दृष्टिकोण व्यक्त करना।

18. निम्नलिखित में से कौन एक कमजोर तर्क देने और उसे किसी और के नाम पर आरोपित करने ताकि आप उसका खंडन कर सकें, को स्पष्ट करता है?
(a) विशेषज्ञ तर्क को अपील
(b) ख्याति तर्क को अपील
(c) पुतला का तर्क
(d) जोरदार तर्क की अपील

19. क्रियाओं, परिणामों और आनुषंगिकताओं की धारणा जो किसी विशिष्ट विकल्प से संबंधित हो- को जाना जाता है-
(a) निर्णय खाँचे के रूप में
(b) निर्णय आधार दर के रूप में
(c) निर्णय धुरी के रूप में
(d) निर्णय नियम के रूप में

20. निर्णय निर्माण में त्रुटियाँ इस कारण होती है, क्योंकि हम निर्णय निर्माण स्वत:शोध का उपयोग-
(a) अनियोजित ढंग से करते हैं।
(b) अव्यवस्थित ढंग से करते हैं।
(c) उस सीमा से परे करते हैं जिनके लिए उन्हें बनाया गया है।
(d) अन्य पक्षों पर ध्यान दिए बिना करते हैं।

21. निर्णय लेने में किसी न्यादर्श का निर्णय समानता और यादृच्छिक लगने वाले रूप में करना कहलाता है-
(a) प्रतिनिधिक स्वत:शोध
(b) उपलब्धता स्वत:शोध
(c) आश्रयण स्वत:शोध
(d) समायोजन स्वत:शोध

22. किसी प्रबंधक के निर्णय लेने की प्रक्रिया के चरण निम्नलिखित हैं। उन्हें सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा सही उत्तर चुनिए।
1. समस्या को परिभाषित करना
2. प्रतिबन्धक तत्वों को पहचानना।
3. सम्भावित विकल्प का विकास करना।
4. एक नियंत्रित एवं मूल्यांकन तंत्र को स्थापित करना।
कूट-
(a) 1, 4, 2, 3 (b) 2, 1, 3, 4
(c) 1, 3, 4, 2 (d) 2, 4, 3, 1

23. पाँच लोग P, Q, R, S तथा T हैं। एक फुटबॉल खिलाड़ी है, एक शतरंज खिलाड़ी है और एक हॉकी खिलाड़ी है। P और S अविवाहित महिलाएँ हैं और किसी खेल में हिस्सा नहीं लेतीं। महिलाओं में से कोई भी शतरंज या फुटबाल नहीं खेलतीं। एक विवाहित दम्पति है जिसमें T पति है। Q, R का भाई है। और वह न हॉकी खेलता है न शतरंज। फुटबॉल खिलाड़ी कौन है?
(a) P (b) Q
(c) R (d) T

24. यदि B कहता है कि उसकी माँ A की माँ की एकमात्र पुत्री हैं, तो A का B से क्या संबंध है?
(a) पुत्र (b) पिता
(c) मामा (d) भाई

25. एक ऐसा सामूहिक प्रयास जो वैकल्पिक विचार उत्पन्न कर एक प्रबंधक को समस्या का समाधान करने में सहायता करता है, कहलाता है
(a) डेल्फी तकनीक
(b) ढर्रे से अलग चिंतन
(c) नामिक समूह तकनीक
(d) मस्तिष्कीय झंझायन

26. निर्णय लेने की एक संख्यात्मक तकनीक जो निर्णय पथों के सम्पूर्ण सम्भावित विकल्प दर्शाती है- कहलाती है
(a) डेल्फी तकनीक (b) एक निर्णय क्रम
(c) मस्तिष्कीय झंझायन (d) भुगतान विश्लेषण

27. निम्नलिखित में से एक को छोड़ कर सभी एक मैनेजर या प्रबंधक को प्रभावी निर्णय लेने के वातावरण बनाने की प्रमुख कौशलपूर्ण योजना है। कौन नहीं है?
(a) दूसरों को निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करना।
(b) नई बातों को करने के लिए तैयार रहना।
(c) पूर्ण रूप से केवल अपने ऊपर ही निर्भर रहना।
(d) गुणात्मक सूचना के महत्व को पहचानना।

28. अधोलिखित संख्याओं की श्रृंखला में कौन-सी एक संख्या अन्य से भिन्न है?
22, 33, 99, 121, 279, 594
(a) 33 (b) 121
(c) 279 (d) 594

29. निम्नलिखित में से कौन एक भिन्न है?
(a) बाबर (b) शेरशाह
(c) हुमायूँ (d) अकबर

30. निम्नलिखित में से कौन एक अन्य से भिन्न है?
(a) सारनाथ (b) हल्दी घाटी
(c) पानीपत (d) कुरूक्षेत्र

31- A, B की बहन है। C, B की माँ है। D, C का पिता है। E, D की माँ है। बताइये A का D से क्या रिश्ता है?
(a) दादी (b) दादा
(c) पुत्री (d) पौत्री

32. छः परिवार A, B, C, D, E और F एक कतार में बने घरों में रहते हैं। B के पड़ोसी F और D हैं, E के पड़ोसी A और C हैं, A, F या D के बगल में नहीं रहता। C, D के बगल में नहीं रहता । F के बगल के पड़ोसी कौन हैं?
(a) B और E (b) B और D
(c) B और C (d) केवल B

33. जंगल में जानवरों को मारने के लिए बाघ को नुकीले पंजे की आवश्यकता होती है।
(a) निश्चयत: सत्य (b) शायद सत्य
(c) शायद गलत (d) निश्चयत: गलत

34. संदेश आता है
(a) एक सुस्पष्ट संकेत जो कोलाहल स्तर के ऊपर हो
(b) एक अस्पष्ट संकेत
(c) एक गड्डमड्ड उद्दीपक
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

35. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अन्य से भिन्न है, बताइये।
(a) तोता (b) उल्लू
(c) चील (d) बाज

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही निष्कर्ष को चुनिए-
**कथन :**
मानस एक खिलाड़ी है।
सभी खिलाड़ी लम्बे हैं।
**निष्कर्ष :**
(a) मानस लम्बा है।
(b) सभी लम्बे आदमी खिलाड़ी हैं।
(c) लम्बे आदमी खिलाड़ी नहीं है।
(d) मानस लम्बा नहीं है।

37. अन्तरवैयक्तिक सम्प्रेषण में नीतिशास्त्र:
(a) समझने में अवरोध को बढ़ाता है।
(b) ईमानदारी के रास्ते में बाधा उत्पन्न होता है।
(c) विचारने योग्य नहीं है।
(d) विचारने योग्य है।

38. प्रभावी श्रवण समावेशन करता है-
(a) पूर्वाग्रह को
(b) विस्तृत समालोचना को
(c) असहमति के बिन्दुओं को छानने का
(d) अपने संदेश की समझ की पुष्टिकरण को

39. मानवीय सम्प्रेषण प्रक्रिया के कुछ अंग नीचे दिए गये हैं। सम्प्रेषण में घटने वाले सही क्रम को चुनिए-

1. पुनर्निवेश
2. संदेश
3. कोलाहल

कूट-

(a) 1, 3 और 2 (b) 2, 1 और 3
(c) 2, 3 और 1 (d) 1, 2 और 3

40. निम्नलिखित में से कौन हमारे अन्तर्हित व्यवबोधों को स्पष्ट करता है जो लोगों के व्यवहार की व्याख्या करने का ध्यान रखता है और जो दूसरों से सम्प्रेषण करने के समुचित तरीकों को स्पष्ट करता है?

(a) सम्प्रेषण परिप्रेक्ष्य (b) सम्प्रेषण मॉडल
(c) सम्प्रेषण नियम (d) सम्प्रेषण प्रतिरूप

**प्रश्न संख्या 41 से 44 के लिए निर्देश:** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िये तथा प्रश्न संख्या 41 से 44 के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिए।

मनुष्य की समस्याएँ दो प्रकार की हैं। एक समस्या शरीर की है, जिसका समाधान रोटी और वस्त्र तथा अन्य आधिभौतिक सुविधाएँ मानी जा सकती हैं। किन्तु, सब प्रकार से सुखी मनुष्य भी दु:ख, दौर्मनस्य, रोग, शोक, जरा और मरण का शिकार होता है। इस समस्या का समाधान न तो रोटी और वस्त्र, न मोटर और महल हो सकते हैं। प्राचीन और मध्यकालीन विश्व शारीरिक समस्याओं से अधिक अपनी आध्यात्मिक समस्याओं को प्रमुख मानता था। इसी से उस समय अध्यात्म-विद्या का सभी देशों में विकास हुआ और मनुष्य मानने लगा कि जो सत्य प्रयोगशाला में परखा नहीं जा सकता, वह या तो सत्य ही नहीं है, अथवा है तो ऐसा है, जिसकी ओर मनुष्य को ध्यान नहीं देना चाहिए। और विज्ञान ज्यों-ज्यों नई विजय प्राप्त करता गया, त्यों-त्यों अधिकाधिक मनुष्य उसके भक्त बनते गये, यहाँ तक कि अध्यात्मवादियों को भी आवश्यकता अनुभूत होने लगी कि अपनी बातों को वे, जहाँ तक संभव हो विज्ञान की भाषा में रखें। किन्तु विज्ञान की वृद्धि से भी मनुष्य की शाश्वत समस्यायें दूर नहीं हुई। वह आज भी दु:खी है। वह आज भी रोग, शोक, जरा और मरण का शिकार होता है तथा सबसे बड़ी बात तो यह है कि पहले जिन सुखों की लोग कल्पना कभी नहीं कर सकते थे, उन सुखों के शैल पर बैठा हुआ मनुष्य भी चंचल, विषण्ण और अशांत है जितना पहले के युग में, शायद ही कोई रहा हो। अतएव, चिंतकों पर यह प्रतिक्रिया हुई कि मनुष्य की समस्याओं का समाधान विज्ञान भी नहीं है, क्योंकि विज्ञान से शरीर चाहे कितना सुखी हो जाये, आंतरिक संतोष में वृद्धि नहीं होती, उलटे, दिनों दिन उसकी मात्रा घटती जाती है।

41. प्राचीन और मध्यकालीन विश्व की जीवन के विषय में चिंतन दृष्टि क्या थी?

(a) वह शारीरिक समस्याओं को प्रमुख मानता था।
(b) वह शारीरिक समस्याओं से अधिक आध्यात्मिक समस्याओं को प्रमुख मानता था।
(c) विज्ञान ही उसके लिए परम सत्य था।
(d) सभी समस्याओं के निदान के लिए विज्ञान उसके लिए वरेण्य था।

42. विज्ञान का सत्य किस पर आधारित है?

(a) डॉक्टर के स्टैथेस्कोप और सर्जन की छुरी पर।
(b) अध्यात्म-विद्या की उन्नति पर।
(c) प्रयोगशाला में परीक्षण पर।
(d) आस्था और भक्ति पर।

43. विज्ञान की सीमा क्या है?

(a) वह पूर्ण आत्मिक संतोष प्रदान नहीं कर पाता।
(b) वह अधिभौतिक और आत्मिक सुविधायें प्रादन करता है।
(c) उससे शरीर और मन दोनों सुखी रहते हैं।
(d) वह रोग, शोक, जरा और मरण पर भी विजय प्राप्त कर लेता है।

44. उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार

(a) विज्ञान की उन्नति से मनुष्य की शाश्वत समस्याएँ दूर हो गई।
(b) मानव समाज आज पहले की अपेक्षा अधिक सुखी और शांत है।
(c) जिन सुखों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी, आज वह सब को सुलभ हैं।
(d) मनुष्य की सभी समस्याओं का समाधान विज्ञान भी नहीं है

45. 'द्विज' के अनेकार्थी शब्दों में से निम्नलिखित में से कौन-सा एक शब्द नहीं आता?

(a) ब्राह्मण (b) पक्षी
(c) दाँत (d) विदेह

46. निम्नलिखित में से कौन तत्पुरूष का उदाहरण नहीं है?

(a) राजकुमार (b) यज्ञवेदी
(c) आजन्म (d) ग्रामवासी

47. 'सिर से पानी गुजर जाना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ क्या है?

(a) गहरे पानी में स्नान करना
(b) सहनशीलता की सीमा टूट जाना
(c) अच्छी प्रकार से सिर धोना
(d) डूबने से बच जाना

48. 'ग्रस्त' का विपरीतार्थक शब्द है-

(a) मुक्त (b) सुप्त
(c) लुप्त (d) ग्राह्य

49. निम्नलिखित में से कौन-सा एक शब्द तद्भव नहीं है?

(a) तस्कर (b) पत्ता
(c) हाथ (d) अंधेरा

50. 'अलमारी' किस विदेशी भाषा का शब्द है?

(a) अंग्रेजी (b) फ्रांसीसी
(c) डच (d) पुर्तगाली

51. 'मूक' का विलोम क्या है?

(a) अल्प भाषी (b) वाचाल
(c) मृदुभाषी (d) कटुभाषी

52. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
(a) यह व्यर्थ बात करने से कोई नहीं है।
(b) संपूर्ण देश भर में निराशा छा गई।
(c) भाई ने भाई के साथ सलाह की।
(d) कृपया पत्रोत्तर शीघ्र दें।

53. किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?
(a) अधीन (b) व्यवहारिक
(c) मिष्ठान्न (d) अत्यधिक

54. निम्नलिखित में से कौन सा 'किरण' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) मरीचि (b) रश्मि
(c) पुष्कर (d) दीप्ति

55. 'राम लक्ष्मण से पत्र लिखवाता है' – इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा रूप है? निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनें–
(a) पूर्णकालिक क्रिया (b) प्रेरणार्थक क्रिया
(c) संयुक्त क्रिया (d) अपूर्ण क्रिया

56. 'आयौ' शब्द निम्नलिखित में से किस बोली का है?
(a) भोजपुरी (b) अवधी
(c) ब्रज (d) खड़ी बोली

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 57 से 59 तक, दिये गए विकल्पों में से सम्बन्धित/शब्द/अक्षर/संख्या का चयन कीजिए।

57- MANGO : OCPIQ : : APPLE : ?
(a) CRRNG (b) BQQMF
(c) XYYZW (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

58. निम्न श्रेणी
27, 3, 216, ?
में लुप्त संख्या है–
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

59- ALLAHABAD : DABAHALLA : : VARANASI:?
(a) ISARANVA (b) ISAVARAN
(c) ISANRAAV (d) ISANARAV


60. एक डाकिया डाकघर से श्री सिंह के घर पहुँचने के लिए उत्तर दिशा में 7 किमी. चला। फिर बाएँ घूम कर 4 किमी. चल कर श्री कुमार के घर पहुँचा। वहाँ से दायीं ओर घूम कर 3 किमी. चल कर श्री शर्मा के घर पहुँचा। तो श्री शर्मा और श्री सिंह के घरों की दूरी है–
(a) 5 किमी. (b) 6 किमी.
(c) 4 किमी. (d) 7 किमी.

61. निम्न अनुक्रम 6, 11, 18, 27, 38, ________, 66 में लुप्त संख्या है–
(a) 41 (b) 49
(c) 51 (d) 59

62. यदि $a=\sqrt{0.25}, b=0.25, c=(0.25)^2$ तो $d = 0.05$, तब
(a) a < b < c < d (b) b < c < d < a
(c) d < c < b < a (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

63. निम्नांकित दी गए भुजाओं के साथ कौन-सा $\Delta ABC$ संभव नहीं है?
(a) A = 6, B = 7, C = 9
(b) $A=\sqrt{6}, B=\sqrt{7}, C=\sqrt{9}$
(c) $A = 6^2, B = 7^2, C = 9^2$
(d) $A = 6^3, B = 7^3, C = 9^3$


64. यदि $a^x = b$ तथा $b^y = a$, तो xy = ?
(a) 1 (b) -2
(c) -1 (d) 2

65.


(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 14

66. यदि n को 7 से विभाजित किया जाय तो शेषफल 4 आता है। यदि 3n + 1 को 7 से विभाजित किया जाय तो क्षेषफल होगा–
(a) 0 (b) 3
(c) 5 (d) 6

67. एक वस्तु ₹ 65 में बेचने पर दुकानदार को 30% का लाभ हुआ। 10% लाभ पर बेचने पर उस वस्तु का विक्रय मूल्य क्या होगा?
(a) ₹ 42 (b) ₹ 45.5
(c) ₹ 50 (d) ₹ 55

68. किसी बाह्य बिन्दु P से PA और PB, O केन्द्र के वृत्त पर स्पर्श रेखायें खींची गई हैं। यदि वृत्त के E बिन्दु पर CD स्पर्श रेखा हो तथा PB = 16 cms, AC =7 cms, CD = 12 cms हो, तो $\Delta PCD$ का परिमाप है–


(a) 32 cms (b) 31 cms
(c) 35 cms (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. एक परीक्षा में 35% छात्र पास हुए और 455 छात्र फेल हुए, तो परीक्षा में कितने छात्र बैठे थे?
(a) 490 (b) 700
(c) 845 (d) 1300

70. दो त्रिभुजों में क्षेत्रफलों का अनुपात 4:3 है तथा इनकी ऊँचाईयों का अनुपात 3 : 4 है, तो इनके आधार की लम्बाई का अनुपात है–
(a) 7 : 16 (b) 16 : 9
(c) 9 : 16 (d) 9 : 8

71. निम्नलिखित अंकों के वितरण में माध्य क्या है?

$x$ : 3 4 5 6 7 8 9 10

$f$ : 2 4 2 3 5 4 3 7

(a) 10 (b) 7

(c) 7.1 (d) 6.5

72. दिए गये प्रदत्तों का बहुलक है-

5, 7, 9, 3, 7, 3, 7, 5, 7

(a) 1 (b) 3

(c) 7 (d) 9

73. यदि 4800 का 16.5% = x का 3/4 है, तो x का मान है

(a) 1156 (b) 1056

(c) 1456 (d) 956

74. निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करके खाली स्थान भरें-

| | | |
|---|---|---|
| 7 | (51) | 2 |
| 6 | (40) | 4 |
| 5 | (28) | ? |

(a) 1 (b) 3

(c) 2 (d) 0

**Instruction for Question NOs. 75-79 :**

Read the following passage carefully and answer the questions, Choose the correct answer from the alternative based only on the passage given:

The great drawback of our education system is that the entire focus is on making young children a storehouse of information. They are given a load of books to carry on their backs and cram the information stored in them. There is no emphasis on creativity and personality development. They are not taught how they can be noble souls like Gandhiji, Rabindranath Tagore, C.V. Raman, Satyendra Nath Bose, Swami Vivekanand and other Indian greats. They are taught the lessons of material gain. They are coaxed to study engineering, medicine and business management and own a big house, a luxurious car and a heavy bank balance.

75. What is the main focus of our education system?

(a) Making young children smart.

(b) Making young children storehouse of information.

(c) Making young children brilliant.

(d) Making young children literate

76. What are the lessons which young children are being taught?

(a) Lessons of material gain

(b) Lessons of nobility

(c) Lessons of Science and History

(d) Lessons of Engineering and Medicine.

77. The idiom 'bag and baggage' means

(a) with all belongings

(b) with all members

(c) with all the money

(d) with all the instruments

78. What tasks are given to young children?

(a) Doing difficult home work.

(b) Taking excellent care of their clothes and shoes.

(c) Paying attention to computers and tablets.

(d) Carrying heavy load books and cramming the information given in them

79. Which basic element of education is ignored?

(a) Practical aspect of life.

(b) Moral aspect of life.

(c) Creativity and personality development.

(d) Mutual help and lessons of social service.

80. Fill in the blank with the most appropriate word from the alternatives given below the sentence : His ………………….. Was inscribed on a slab of pure, white marble.

(a) Epilogue (b) Epigraph

(c) Epigram (d) Epitaph

81. Choose the correct meaning of 'look after' from the options given below:

(a) To look like (b) To take care

(c) To enquire (d) None of the above

82. Choose the correct meaning of the idiom/phrase, 'blowing his own trumpet', from the alternatives given below :

(a) Speaking loudly

(b) Boasting

(c) Talking incessantly

(d) Loving himself

83. Choose the word nearest in meaning to 'Celestial'.

(a) Relishing (b) Heavenly

(c) Worldly (d) Boring

84. Fill in the blank with an appropriate preposition given in alternatives below the sentence :

'He has pasted the notice ………… The board.'

(a) He has pasted the notice in the board.

(b) He has pasted the notice on the board.

(c) He has pasted the notice upon the board.

(d) He has pasted the notice at the board.

85. Which of the following alternatives is the correct version if the given sentence?

'The picture was hanged on the wall.'

(a) The picture hanged on the wall.

(b) The picture hang on the wall.

(c) The picture could hang on the wall.

(d) The picture was hung on the wall.

86. Which one of the following alternatives gives the correct synonym of the word 'Prodigal'?
(a) Fair (b) Economical
(c) Neglectful (d) Extravagant

87. Which of the following alternatives gives the correct form of indirect speech of the given sentence?
"O god do not me to the best", said I
(a) I asked God do not put me to the test.
(b) I requested God do not put me to the test.
(c) I appealed to God not to put me to the test.
(d) I exclaimed to God, do not put me to the test.

88. Choose one word from the options given below which means "that which cannot be seen through".
(a) Opaque (b) Transparent
(c) Lucid (d) Unseen

89. Which of the following alternatives givens the correct usage of the word : Sacrosanct?
(a) He has sacrosanted himself.
(b) Who aspires for sacrosanct?
(c) Militarymen are no more sacrosanct than any other class.
(d) None of the above

90. Which one of the following is the correct comparative form of the given sentence?
"Your are as big a fool as a donkey."
(a) A donkey is not as foolish as you.
(b) A donkey is not as big a fool as you.
(c) A donkey is not a bigger fool than you.
(d) A donkey is a bigger fool than you.

91. Which one of the following is the correct direct form of the given sentence?
"Mohit asked where they had parked the car."
(a) Mohit said, " where they parked the car?"
(b) Mohit said, "where did they park the car"?
(c) Mohit said, "where had they parked the car"?
(d) None of above

92. Transform the given sentence into interrogative from. Choose the correct answer from the options given below :
"There is nothing better than an active life."
(a) What is better than an active life.?
(b) Is not an active life the best?
(c) Don't you know that an active life is the best?
(d) Do you know an active life is the best?

93. Which part of speech has been used in the underlined word in the sentence?
"The plane goes direct from London to Houston without stopping."
(a) Noun (b) Adjective
(c) Adverb (d) Conjunction

94. Which of the following alternative words is opposite in meaning to the given word?
"Courage"
(a) Heartless (b) Bravery
(c) Cowardice (d) Sympathy

95. Change the following into a simple sentence :
"The moment which is lost, is lost forever."
Choose the correct alternative from those given below :
(a) The moment once lost is lost forever.
(b) The lost moment is forever.
(c) The moment which was lost was lost, forever.
(d) None of the above

96. Pick out the word which is nearest in meaning to the given word, "Animus"
(a) Vulgarity (b) Ambition
(c) Hostile feeling (d) Enthusiasm

97. In which of the following sentence have the punctuation marks been used properly?
(a) The blue dress was warmer, on the other hand the purple one was prettier.
(b) The blue dress was warmer, on the other hand, the purple one was prettier.
(c) The blue dress war warmer, the purple one, on the other hand, was prettier.
(d) None of the above

98. Which one of the following words has been spelt correctly?
(a) Temprature (b) Tamperature
(c) Tempareter (d) Temperature

99. Choose the correct article in the following sentence :
"He is ………………… one-eyed man."
(a) He is a one-eyed man.
(b) He is an one-eyed man.
(c) He is the one-eyed man.
(d) None of the above

100. Which one of the following words has been spelt correctly?
(a) Corespondence
(b) Correspondance
(c) Corespondance
(d) Correspondence